कार्यालय अति. महानिदेशक पुलिस, अपराध शाखा
राजस्थान

क्र.सं. सीआईडी/सी.बी./पीआरसी/2019/22219-290 दि. 17.12.2019

समस्त पुलिस उपायुक्त, जयपुर / जोधपुर,
समस्त जिला पुलिस अधीक्षक मय जी.आर.पी., राजस्थान पुलिस।

विषय: जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के WhatsApp नम्बर का प्रचार एवं इसके माध्यम से महत्वपूर्ण सूचना पुलिस को उपलब्ध कराने की सुविधा।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सार्वजनिक स्थानों पर घटित अपराध अथवा ऐसी घटनाएं जिनमें पुलिस द्वारा कार्रवाई अपेक्षित है, की जानकारी आम-जन को होने पर उनके द्वारा यह जानकारी पुलिस से सहज रूप से साझा करने के लिए WhatsApp एक सरल माध्यम है। सभी जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष पर WhatsApp Helpline संचालित हैं जिन पर किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसी सूचनाएं, मय घटना के फ़ोटो / वीडियो के पुलिस से साझा की जा सकती हैं। इस हेतु यह आवश्यक है कि जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के WhatsApp Helpline नम्बर की जानकारी सभी तक पहुँचाई जाए तथा जनता को पुलिस से सूचनाएं साझा करने के लिए प्रेरित किया जाए।

अतः निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जिले में पुलिस नियंत्रण कक्ष के WhatsApp Helpline नम्बर का प्रचार-प्रसार अपने-अपने क्षेत्र में निम्न प्रकार की सूचनाएं जनता से प्राप्त करने के लिए करें –

1. रात 8 बजे बाद शराब की दुकान खुली होना
2. किसी स्थान से अवैध शराब, मादक पदार्थ आदि की बिक्री / भंडारन होना
3. अवैध हुक्का बार का संचालन
4. महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों अथवा कमज़ोर वर्ग के व्यक्तियों के साथ कोई अप्रिय घटना / अपराध
5. किसी वांछित अपराधी / आपराधिक गतिविधि की सूचना
6. ऐसी कोई घटना / दुर्घटना जिसमें तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है
7. ऐसी कोई गतिविधि जिससे जनता को जनता को खतरा, गम्भीर असुविधा होती हो (public nuisance)

आप अपने-अपने क्षेत्राधिकार में उक्त बिन्दुओं पर पुलिस से आसूचना साझा करने के लिए जनता को प्रेरित करने के लिए निम्न बिन्दुओं पर कार्यान्विन सुनिश्चित करें –

1. प्रेस नोट के माध्यम से उक्त बिन्दु एवं WhatsApp Helpline नम्बर की जानकारी आम-जन तक पहुँचाना। आवश्यक हो तो एक से अधिक बार भी प्रेस नोट जारी करना।
2. जिला पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट पर इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करना।

☎: +91-141-2740873 🖷: +91-141-2740682 ✉: adgp.crimebranch@rajpolice.gov.in

3. विभिन्न स्तर पर प्रिंट एवं इलैक्ट्रौनिक मीडिया से संवाद के दौरान यह जानकारी साझा करना।
4. पुलिस थानों / परिसरों में नोटिस बोर्ड पर इस हेतु पोस्टर चस्पा करना।
5. इससे सम्बन्धित जानकारी का पोस्टर बनवा कर पुलिसकर्मियों के माध्यम से विभिन्न WhatsApp Groups में circulate करवाना।
6. जिला प्रशासन के सहयोग से इस हेतु होर्डिंग / बड़े पोस्टर लगवाना।
7. विभिन्न सी.एल.जी. मीटिंग, शांति समिति की बैठकें, जन-सहभागिता शिविर आदि में इस हेतु प्रचार करना।

अतः पुलिस नियंत्रण कक्ष की WhatsApp Helpline को और सक्रिय बनाते हुए उक्त के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। पुलिस नियंत्रण कक्ष पर ऐसी व्यवस्था भी स्थापित करें जिससे प्राप्त सूचनाओं को सम्बन्धित अधिकारी को अग्रेषित किया जाए तथा कार्रवाई की रिपोर्ट प्राप्त की जाए। वरिष्ठ अधिकारी इसकी नियमित रूप से समीक्षा भी करें जिससे इस व्यवस्था से आम-जन में पुलिस के प्रति विश्वास सुदृढ़ हो सके। राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित पुलिस नियंत्रण कक्ष के WhatsApp Helpline नम्बर की सूची सूचनार्थ संलग्न है।

सद्भावी,

संलग्नः उपरोक्तानुसार

17/1/11

(भगवान लाल सोनी)
अति. महानिदेशक पुलिस,
अपराध शाखा,
राजस्थान

प्रतिलिपि : निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है –

1. महानिदेशक पुलिस, प्रशासन, कानून एवं व्यवस्था, राजस्थान।
2. समस्त अति. महानिदेशक पुलिस, राजस्थान पुलिस।
3. पुलिस आयुक्त, जयपुर / जोधपुर एवं समस्त रेंज महानिरीक्षक / उप-महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान।
4. रक्षित पत्रावली।

17/1/11

अति. महानिदेशक पुलिस,
अपराध शाखा,
राजस्थान

☎: +91-141-2740873 🖷: +91-141-2740682 ✉: adgp.crimebranch@rajpolice.gov.in

क.सं.	जिले का नाम	वाट्स एप नम्बर
1.	जयपुर शहर	7300363636
2.	जयपुर ग्रामीण	8764869049
3.	दौसा	8764870050
4.	अलवर	9829934822
5.	भिवाड़ी	8764874393
6.	सीकर	9530431200
7.	झुंझुनूं	9530419632
8.	भरतपुर	8764862756
9.	सवाईमाधोपुर	9530437072
10.	करौली	8764864585
11.	धौलपुर	9530411842
12.	कोटा शहर	9468800005
13.	कोटा ग्रामीण	9530443888
14.	झालावाड़	7688977000
15.	बारां	8764851123
16.	बून्दी	8764862310
17.	उदयपुर	7073100100
18.	चित्तौड़गढ़	7300453344
19.	राजसमन्द	8764854100
20.	बांसवाड़ा	9530439780
21.	डूंगरपुर	8764858500
22.	प्रतापगढ़	9530436498
23.	अजमेर	8764853800
24.	नागौर	9530413100
25.	भीलवाड़ा	8764857007
26.	टोंक	9982836211
27.	जोधपुर शहर	9530440353
28.	जोधपुर ग्रामीण	8094239100
29.	पाली	8764875055
30.	जैसलमेर	8696332579
31.	बाड़मेर	9530438100
32.	जालोर	7727050726
33.	सिरोही	9414768868
34.	बीकानेर	8764852595
35.	श्रीगंगानगर	9530434097
36.	हनुमानगढ	9530432468
37.	चूरू	9530419652